माघ मेलामें श्रद्धालुओंकी सुविधाओंपर जोर, १२९ करोड़ होंगे खर्च

शासनने ७४ करोड़ रुपया किया अवमुक्त, मेला प्रशासन और कार्यदायी विभाग निविदा प्रक्रियाको अंतिम रूप देनेमें जुटे

प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा माघ मेला क्षेत्र में व्यापक सुधार और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से लगभग १२९ करोड़ के बजट की मांग की गयी है। शासन द्वारा करीब ७४ करोड़ रुपया अवमुक्त करते हुए मेला प्रशासन को उपलब्ध करा दिया गया है। इस बजट के जरिये संगम तट पर आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए बुनियादी ढांचे और आधुनिक सुविधाओं का बड़ा विस्तार करने की योजना है। मेला प्रशासन और कार्यदायी विभाग इन दिनों निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटे हैं ताकि जल्द से जल्द माघ मेला का काम शुरू कराया जा सके।

वर्ष २०२७ में माघ मेला क्षेत्र का दायरा बढ़ाकर लगभग ९०० हेक्टेयर से अधिक किया जायेगा, जिसे व्यवस्थित रूप से आठ सेक्टरों में विभाजित किया जायेगा। श्रद्धालुओं के सुगम गमनागमन के लिए इस बार लोक निर्माण विभाग द्वारा नौ पीपा पुल बनाये जा रहे हैं। झूंसी से अरैल को जोड़ने के लिए पहली बार दो पीपा पुल बनाये जायेंगे। इसके अलावा, मेला क्षेत्र में करीब १६० किलोमीटर के दायरे में चकर्ड प्लेटें बिछाकर अस्थायी रास्ते तैयार किये जायेंगे। जल निगम द्वारा पेयजल पाइपलाइन और सीवर लाइन बिछायी जायेगी। पावर कार्पोरेशन द्वारा मेला क्षेत्र को रोशन करने के लिए २५ बिजली सब-स्टेशन का निर्माण और बिजली की लाइन बिछायी जायेगी। मेला क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं के लिए २०-२० बेड के दो मुख्य अस्थायी अस्पताल (गंगा और त्रिवेणी) स्थापित किये जायेंगे। इसके साथ ही १२ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और ५० से अधिक एम्बुलेंस तैनात रहेंगी। स्वच्छता बनाये रखने के लिए मेला क्षेत्र में २४ हजार से अधिक शौचालय और २,००० यूरिनल लगाये जायेंगे। चौबीसों घंटे सफाई के लिए हजारों सफाईकर्मियों की तैनाती होगी। मेला प्रशासन और कार्यदायी विभागों द्वारा टेण्डर अपलोड किये जा चुके हैं और तकनीकी और फाइनेन्शियल बिड को खोलकर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गंगा-यमुना का जलस्तर कम होने के साथ ही इस माह के अंत तक मेला की तैयारियों में तेजी आने के आसार हैं। जैसे-जैसे नदियों का पानी कम होगा, पुलिया, पीपा पुल, चकर्ड प्लेट मार्ग का निर्माण, बिजली के खम्भे लगाने का काम शुरू होगा। बातचीत के दौरान उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला ने बताया कि पानी घट रहा है लेकिन अभी नदियों के आसपास की जमीन काफी दलदली है। जमीन सूखेगी तो झूंसी की ओर लोनिवि द्वारा दो पुलिया का निर्माण कराया जायेगा ताकि झूंसी की तरफ काम शुरू कराया जा सके। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक माघ मेला का काम शुरू कराने की योजना है और सबसे पहले संगम नोज पर जमीन के समतलीकरण का काम कराया जायेगा। इसके बाद झूंसी की तरफ काम शुरू होने की उम्मीद है।

एमडीआई में शोपीस बनी ८० लाखकी मोबाइल वैन



प्रदेश सरकार की ओर से मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय (एमडीआई) को दी गयी अत्याधुनिक मोबाइल वैन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते धूल फांक रही है। लगभग ८० लाख रूपये की लागत से तैयार यह सचल रेटिनोपैथी एवं नेत्र रोग स्क्रीनिंक क्लीनिक वैन मरीजों की सेवा करने बजाय अस्पताल परिसर में खड़ी-खड़ी कबाड़ में तब्दील हो रही है। इस मोबाइल वैन मुख्य उद्देश्य महानगर की मलिन बस्तियों एवं ग्रामीण इलाकों में जाकर मरीजों की आंखो की गंभीर बीमारियों की जांच आधुनिक मशीनों से की जानी थी। एक तरफ जहां मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में रोजाना सैकड़ों मरीज ओपीडी में अपनी आंखों का इलाज कराने के लिए घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंजतार करते हैं। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते लगभग ८० लाख की आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस मोबाइल वैन की सेवा शुरू नहीं हो पा रही है। महीनों से खुले परिसर में लाखों रूपये के आधुनिक चिकित्सा उपकरण अब धीरे-धीरे खराब होनेके कगार पर हैं।

तेज रफ्तार कारकी टक्करसे छात्रा गंभीर

कीडगंज थाना क्षेत्र में रामबाग स्टेशन वाली सड़क पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उसके सिर और दाहिने कान में चोट आई है। आसपास के लोगों ने उसे एक निजी अस्पतालमें भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। जसरा क्षेत्र के कालिका का पूरा पांडेय का पुरवा निवासी आशीष कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी छोटी बहन सीमा गुप्ता शनिवार सुबह पैदल कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आई कार ने उसे टक्कर मार दी। कार की रफ्तार तेज थी और चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। टक्कर लगने से सीमा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। कीडगंज पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी कैमरो की मदद से जांच कर रही है।

नवरात्रको लेकर पुलिस अलर्ट देवी मंदिरोंमें रही चौकसी

पुलिस अधिकारी रहे भ्रमणशील, महिला पुलिसकर्मियोंकी लगी ड्यूटी, सीसीटीवी कैमरोंसे निगहबानी

नवरात्र के मद्देनजर शहर में रविवार को मंदिरों और दुर्गा पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क रही। प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी की गई। अलोपीबाग, तेलियरगंज, सिविल लाइंस, कोतवाली और कर्नलगंज समेत विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस चौकस रही। वहीं, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। देवी मंदिरों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की सादे कपड़ों में भी ड्यूटी लगाई गई है। मंदिरों में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। अलोपशंकरी मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर, साम्यामायी मंदिर सहित अन्य मंदिरों के साथ ही पंडालों में पुलिस अलर्ट है। महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर महिला पुलिस कर्मियों को मुस्तैद किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से निगहबानी की जा रही है। शोहदों एवं अराजकतत्वों पर नजर रखने एवं सख्त कारवाई के निर्देश दिये गये हैं।

त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर ने पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के साथ सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पैदल गश्त की। अधिकारियों ने प्रमुख चौराहों, मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों को परखा। इस दौरान अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने को कहा गया। मिशन शक्ति अभियान फेज-५ के द्वितीय चरण के तहत सिविल लाइंस थाने की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम ने थाना क्षेत्र के मां दुर्गा पूजा पंडालों और अन्य प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं तथा बालिकाओं से संवाद किया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, अधिकारों और आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी दी। नवरात्र के दौरान मंदिरों और पूजा स्थलों पर आने-जाने वाली महिलाओं को किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया।

घरमें घुसकर परिवारपर हमला, गर्भवती महिलाको भी पीटा

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के शाह उर्फ पीपलगांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से लैस होकर पहुंचे लोगों ने अरुण पाल और उनके परिवार के सदस्यों को पीटकर घायल कर दिया। हमले में अरुण के पिता के सिर में गंभीर चोट आई है। आरोपितों ने अरुण की गर्भवती पत्नी और छोटे भाई को भी नहीं बख्शा। अरुण पाल ने एयरपोर्ट थाने में दी गई तहरीर में बताया कि १० अक्टूबर को शुभम पाल, सत्यम पाल, शिवम पाल, मिथिलेश पाल, कमलेश पाल और शंकर देई समेत अन्य लोग उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से लैस थे। घर के दरवाजे पर और अंदर मौजूद परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। मारपीट में उनके पिता के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। अरुण के सिर में भी चोट लगी, जबकि उनके छोटे भाई को भी घायल कर दिया गया। एयरपोर्ट पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच कर आगे की काररवाई की जा रही है।

आकाश व्यापार प्रकोष्ठके बने प्रदेश सचिव



अखिल भारतीय हिंदू महासभा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश केसरवानी ने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विजय नारायण भट्ट, एवं राष्ट्रीय संयोजक अनिल शर्मा के निर्देश पर युवा व्यापारी नेता आकाश कुमार सिंह को आखिल भारतीय हिंदू महासभा व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया। उनके प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दिया है। इस मौके पर नीरज जायसवाल,अनिल कुमार वर्मा, बिनोद केसरवानी, शकर लाल केशरवानी मघुकर, सुरेन्द्र केसरवानी, मनोज अग्रहरि, संतोष केसरवानी,लव सिंह यादव, दिनेश शंखवार, कमलेश कुमार पाण्डेय,शिव पांडा,अमन केसरवानी,राम नरेश विश्वकर्मा, धीरेन्द्र केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

गाय लेने जा रहे युवकको घेरकर पीटा, मोबाइल भी तोड़ा

दारागंज में गाय लेने जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने युवक के साथ मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में युवक को अंदरूनी चोटें आईं और उसकी गर्दन में सूजन आ गई। आरोपितों ने उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया।

दारागंज के त्रिवेणी बांध स्थित झोपड़पट्टी निवासी शुभम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया किवह गाय लेने जा रहा था। रास्ते में बांध के नीचे स्थित विद्युत पावर हाउस के पास कमलेश यादव निवासी गोविंदपुर, यश निषाद और अंकित कुमार निवासी कोढ़ीखाना ने उस पर हमला कर दिया।

आरोप है कि तीनों ने उसे मारापीटा और परिवार की महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की। शुभम के मुताबिक, शोर मचाने पर आसपास के लोग आगे बढ़े तो आरोपित अगली बार मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

काल्विनमें पांच साल बाद भी नहीं शुरू हो सका पीकू वार्ड

कॉल्विन अस्पताल में कोरोना काल के दौरान बच्चों के विशेष इलाज के लिए तैयार किया गया ४२ बेड का पीडियाट्रिक वार्ड अभी भी शुरू नहीं हो सका। पीकू वार्ड में ३० बेड का जनरल वार्ड, १२ बेड का पीडियाट्रिक आईसीयू की व्यवस्था है। पांच साल बाद चालू होने के कारण बच्चों के इलाज का दबाब चिल्ड्रेन अस्पताल पर बढ़ रहा है। केवल २५ पीडियाट्रिक आईसीयू बेड उपलब्ध होने के कारण आये दिन चिल्ड्रेन अस्पताल में इलाज के लिए लाये जाने वाले बच्चों को घंटों बेड का इंतजार करना पड़ता है। पर्याप्त बेड न होने एवं काल्विन में नया वार्ड ने खुलने के कारण चिल्ड्रेन अस्पताल पर मरीजों का दबाब लगातार बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर डफरिन अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए एसएनसीयू के १८ बेड तो मौजूद है, लेकिन वहां सबसे बुनियादी एवं जरूरी वेंटिलेटर की कोइ सुविधा नहीं है। वेंटिलेटर ना होने की वजह से गंभीर रूप से बीमार नवजात बच्चों को भी अंततः चिल्ड्रेन अस्पताल ही रेफर करना पड़ता है। काल्विन अस्पताल के सीएमएस डा. आरएस दुबे के अनुसार पीकू वार्ड को संचालित करने के लिए मैन पावर की कमी है। डाक्टर, नर्स एवं अन्य कर्मचारियों के उपलब्ध होने पर वार्ड शुरू हो जायेगा।

चिल्ड्रेन अस्पतालमें दबाव, डफरिनमें एसएनसीयू के १८ बेड, वेंटिलेटरकी सुविधा नहीं

पजावामें भये प्रगट कृपाला, ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार



श्री कटरा राम लीला कमेटीकी ओरसे 'श्रीराम जन्मोत्सव' लीलाका मनोहारी मंचन
सिविल लाइंसकी रामलीलामें रावणके पराक्रमका मंचन, मेघनाथने इंद्रको पराजितकर बनाया बंदी

श्री महंत बाबा हाथीराम पजावा राम लीला कमेटी की ओर से अतरसुइया स्थित रामलीला मैदान में रविवार को रामलीला का भव्य आगाज हुआ। वहीं कटरा की रामलीला में श्रीराम जन्मोत्सव की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। वहीं सिविल लाइंस की श्री श्रीबाल रामलीला समिति की ओर से रविवार को रामलीला का आगाज हुआ।

पजावा में ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से मंचित रामलीला के मंच पर विष्णु लोक से लेकर राम जन्म ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार तक की मनमोहक रामलीला प्रस्तुत की गयी। ताड़का वध एवं मारीच एवं सुबाहु का वध कृत्रिम तरीके से वास्तविक अग्नि का प्रयोग कर हुआ जो कि कमेटी द्वारा निर्मित दो मंजिला मंच पर संपन्न हुआ। आकाश मार्ग से आए राक्षसों का वध प्रभु श्री राम के द्वारा देखते ही बन रहा था, पूरा मैदान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला शुरू होने से पूर्व सर्वप्रथम प्रभु श्री राम एवं लक्ष्मण की सवारी अपनी पूरी सज धज के साथ शाहगंज राम मंदिर से चलकर पजावा राम लीला मैदान पहुंची। कार्यक्रम का शुभारम्भ महापौर ने किया। लीला से पहले रामलीला के निर्देशक सचिन कुमार गुप्ता ने बच्चों को श्री राम के प्रति जागरूक करने के लिए एक प्रतियोगिता संचालित की, जिसे संचालिका यूनाइटेड इंस्टिट्यूट की असिस्टेंट प्रोफेसर शिवानी गुप्ता ने आयोजित किया। कमेटी की ओर से वरिष्ठ मोहन जी टंडन(टंडन भैया), कोषाध्यक्ष अमिताभ टंडन, रामलीला निर्देशक सचिन कुमार गुप्ता, संयोजक राजेश मल्होत्रा, गिरी शंकर प्रभाकर आदि मौजूद रहे। इसी तरह श्री कटरा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित भव्य रामलीला के दूसरे दिन रविवार को लीला मंचनस्थल 'राम वाटिका' में आधुनिक तकनीक के अद्भुत समन्वय ध्वनि एवं प्रकाश (साउंड एंड लाइट) के माध्यम से भगवान श्रीराम के बाल्यकाल और शिक्षा-दीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का अत्यंत मनमोहक मंचन किया गया। 'श्रीराम जन्मोत्सव' के तहत प्रभु श्री राम के जन्म का मनमोहक और अलौकिक मंचन किया गया। लीला की शुरुआत राजा दशरथ की संतानहीनता की चिंता से हुई। महर्षि वशिष्ठ की प्रेरणा से महर्षि श्रृंगी के आचार्यत्व में दिव्य पुत्रेष्टि यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ कुंड से अग्निदेव प्रकट हुए और उन्होंने राजा दशरथ को दिव्य खीर का पात्र सौंपा, जिसे राजा दशरथ ने अपनी तीनों रानियों—माता कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा में वितरित किया। जिसके बाद चैत्र शुक्ल नवमी की पावन तिथि और अभिजीत मुहूर्त के आते ही प्रभु श्री हरि विष्णु ने राजा दशरथ के यहां श्री राम के रूप में अवतार लिया। इसके साथ ही लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का भी जन्म हुआ। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, महामंत्री उमेश चन्द्र केसरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी, उपाध्यक्ष विनोद केसरवानी, आनन्द अग्रवाल, मयंक अग्रवाल मंत्री शिव बाबू गुप्ता, महेश चन्द्र गुप्ता, विपुल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चौरसिया, मीडिया प्रभारी डा. पवन प्रजापति ने रामायण जी की आरती की। इसी क्रम में सिविल लाइंस की श्री श्रीबाल रामलीला समिति की ओर से रविवार को रामलीला का आगाज हुआ। प्रथम दिन के मंचन में रावण जब विश्व विजय अभियान से लौटा तो पूरी लंका में उत्सव का माहौल था पर मंदोदरी उदास थी। मंदोदरी ने रावण से इंद्र के कब्जे में उसकी मां के होने की जानकारी दी। जिस पर रावण ने तत्काल अपने बड़े पुत्र मेघनाथ को एक भारी सेना लेकर अपनी नानी हेमा को इंद्र के कैद से आजाद कराने के लिए स्वर्ग लोक भेज दिया। भीषण युद्ध हुआ इंद्र ने हार मानी और हेमा को मेघनाथ के हवाले कर दिया। मेघनाथ अपनी नानी हेमा को लेकर और इंद्र को बंदी बनाकर रावण के दरबार में उपस्थित हुआ। इसीलिए मेघनाथ को इंद्रजीत का नाम दिया गया।

आरआरबी करेगा ३,५४८ पदोंपर भर्ती, आवेदन शुरू

भारतीय रेलवे ने रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा जारी केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या ०६-२०२६ के माध्यम से गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (एनटीपीसी-स्नातक) की भर्ती के तहत स्नातक स्तर के ३,५४८ पदों की घोषणा की है। यह भर्ती योग्य स्नातकों को भारतीय रेलवे में करियर बनाने और देश के सबसे बड़े सार्वजनिक सेवा संघटनों में से एक के कामकाज में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। इस भर्ती में चार श्रेणियों के पद शामिल हैं, जिनमें मुख्य वाणिज्यिक सह टिकट पर्यवेक्षक, मालगाड़ी प्रबंधक, कनिष्ठ लेखा सहायक सह टाइपिस्ट और वरिष्ठ क्लर्क सह टाइपिस्ट शामिल हैं। कुल ३,५४८ रिक्तियों में से २,७५० पद मालगाड़ी प्रबंधक के लिए, ३७१ पद वरिष्ठ क्लर्क सह टाइपिस्ट के लिए, ३०० पद कनिष्ठ लेखा सहायक सह टाइपिस्ट के लिए और १२७ पद मुख्य वाणिज्य सह टिकट पर्यवेक्षक के लिए हैं। ये रिक्तियां स्नातकों को रेलवे संचालन और प्रशासन के विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करने के अवसर प्रदान करती हैं।

मालगाड़ी प्रबंधकके पद की सबसे अधिक २,७५० रिक्तियां

आनलाइन आवेदन प्रक्रिया बीते आठ अक्तूबर से शुरू हो गयी है और योग्य उम्मीदवार छह नवम्बर को रात ११.५९ बजे तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि आठ नवम्बर है, जबकि आवेदन में संशोधन की अवधि नौ नवम्बर से १८ नवम्बर तक निर्धारित है।

रिमांड खारिज,अभियुक्त रिहा

(विधि संवाददाता)

रिमांड मजिस्ट्रेट लगातार मुलजिम की गिरफ्तारी के समय कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन के लिए प्रयागराज पुलिस को आगाह कर रही है, फिर भी पुलिस की मनमानी गिरफ्तारी जारी है। इसी कड़ी में रविवार देर शाम को सोराव पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त सादान को न्यायिक अभिरक्षा के लिए अदालत ले आई जिसे रिमांड मजिस्ट्रेट आयूशी गोस्वामी ने गिरफ्तारी को विधि के अनुरूप नहीं मानते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेने से इनकार कर दिया। अदालत ने आरोपी को २० हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने यह आदेश आरोपी के अधिवक्ता अकज अग्रहरि के तर्कों को सुनकर दिया। सोरांव थाने में दर्ज मुकदमे में आरोपी सादान पुत्र सादाब निवासी राजापुर थाना सोराव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। विवेचक ने आरोपी को १४ दिन की रिमांड पर देने की मांग की थी। आरोपी की ओर से गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है और गिरफ्तारी का कोई वैध आधार नहीं है।

कोडीनयुक्त कफ सिरप मामलेमें पांच आरोपित अब भी फरार

अतरसुइया एवं एयरपोर्ट थानामें हुई थी कारवाई, फरार आरोपित दम्पतीका मोबाइल बंद, दिल्ली सहित कई स्थानों पर जतिन की तलाश

प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के खिलाफ कारवाई के बावजूद आरोपित पुलिस की पकड़ से दूर हैं। एयरपोर्ट और अतरसुइया थाना क्षेत्रों में करीब ढाई करोड़ रुपये की कफ सिरप और अन्य नशीली दवाओं की बरामदगी के दोनों मामलों में दंपती समेत पांच आरोपी फरार हैं। एसटीएफ और पुलिस की टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। एयरपोर्ट क्षेत्र के मामले में एसटीएफ ने मुख्य आरोपित बताए जा रहे जतिन मिश्रा के घर छापा मारा, लेकिन वह नहीं मिला। वहीं, अतरसुइया के कल्याणी देवी क्षेत्र में फरार दंपती के मोबाइल की आखिरी लोकेशन मिलने के बाद फोन बंद हो गए। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में करीब एक करोड़ रुपये कीमत की प्रतिबंधित कफ सिरप बरामदगी के मामले में आशु जायसवाल, शनि जायसवाल और करछना निवासी जतिन मिश्रा की तलाश की जा रही है। जतिन को गिरोह का मुख्य सरगना बताया जा रहा है। एसटीएफ ने उसके घर दबिश दी, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। आरोपियों की तलाश में दिल्ली समेत कई स्थानों पर टीमें भेजी गई हैं। जांच में गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला होने की बात सामने आई है। उधर, अतरसुइया थाना क्षेत्र के कल्याणी देवी इलाके में २२ सितंबर को एक मकान के कमरे में बने गोदाम से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप और अन्य नशीली दवाएं बरामद हुई थीं। कार्रवाई के दौरान कमरे में रहने वाले अरुणी सहगल और उसकी पत्नी प्रीति फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों के मोबाइल नंबरों की जांच की तो उनकी आखिरी लोकेशन कल्याणी देवी के आसपास मिली। इसके बाद दोनों के फोन बंद हो गए। पुलिस रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ कर रही है। साथ ही संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

हाईकोर्ट बार चुनावः कार्यकारिणी सदस्योंकी मतगणनामें सौरभ आगे

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के १० पदों की मतगणना में सौरभ शुक्ला १३१ मतों के साथ सबसे आगे चल रहे है। प्रवीण तिवारी और कृष्ण मोहन सिंह क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना के १५वें दिन रविवार को पं. के.एन. मिश्र अध्ययन कक्ष (न्यू कमेटी रूम) में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के १० पदों के ९०० मतपत्रों की गणना हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी ने बताया कि मतगणना में अब तक प्रत्याशी सौरभ शुक्ला को १३१, आचार्य प्रवीण तिवारी को १२७, कृष्ण मोहन सिंह को १२०, देवाशीष त्रिपाठी को ११९, अंकुश यादव को १११,चित्रांशु श्रीवास्तव को १०८, आदित्य सिंह को १०६, अखिलेश शुक्ला को १०३, अमित सिंह बिसेन को १०१, अभिषेक तिवारी को ९९, गौरीशंकर यादव को ९३, सचिन शर्मा को ९१, जफर अली को ९१ मत मिले। कुल १०० प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

जनम लिये चारों भइया, अवधमें बाजे बधइया...

श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटीकी ओरसे 'कथा रामराजकी' का आगाज
दारागंजमें श्रीरामने चखी इमली, बाघम्बरी क्षेत्रकी रामलीला में जन्मे राम

श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी की ओर से सुविख्यात रामलीला 'कथा रामराज की' का रविवार से ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से आगाज हो गया। प्रथम दिन रामजन्म का मंचन किया गया। वहीं दारागंज की रामलीला में मनोहारी मंचन ने लोगों का मन मोह लिया। इसके साथ ही बाघम्बरी क्षेत्र की रामलीला में भी रामजन्म का मंचन किया गया।

पथरचट्टी की रामलीला में अवध नरेश दशरथ को तीन रानियों से चार पुत्र पैदा होने का समाचार मिलता है। मंचन में दर्शाया गया कि तीनो रानियां शिशु पुत्रों को महल में उंगली पकड़ कर चलना सिखा रही है। मन को लुभाने वाला दृश्य 'ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया' भक्तों को खूब आनंदित किया। जिसके बाद ऋषि विश्वामित्र अपने यज्ञ की रक्षा के लिये दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांगने आते है। दशरथ का इनकार और फिर वशिष्ठ के समझाने पर भारी मन से वह दोनों भाइयों दशरथ ने भेज दिया। जिसके बाद ताड़का राक्षसी का आना, राम द्वारा उसका वध, अहल्या उद्धार आदि लीला से दर्शक विभोर कर दिया। फिर मारीच और सुबाहु का प्रसंग, सुबाहु का वध, फिर वहां से जनकपुर के धनुष यज्ञ के समाचार पर जनकपुर प्रस्थान करने मंचन दिखाया गया। इससे पूर्व भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक अनिल कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश विपिन चंद्र दीक्षित, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डा. गौतम चौधरी, कमेटी के अध्यक्ष पं. मुकेश पाठक, महामंत्री विजय सिंह, कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल अग्रवाल, रमेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र कुमार भइया जी, मीडिया प्रभारी लल्लूलाल गुप्त सौरभ, सतीशचंद्र केसरवानी, कन्हैयालाल गुप्ता, विजय वैश्य, राजीव गुप्त बिट्टू आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में श्री दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से राम वन गमन और निषाद मिलन की लीला का मंचन हुआ। इससे पूर्व भगवान की सवारी श्रृंगार भवन से निकलकर बक्शी बांध पर पहुंची, जहां लीला संयोजक पंडित सियाराम शास्त्री के निर्देशन म निषाद मिलन की लीला हुई। जिसमें प्रभु श्री राम अयोध्या से वन गमन के लिए निकलकर जब श्रृंगवेगपुर पहुंचते है तो जहां निषादराज से मिलन होता है। निषादराज भगवान राम का पैर कठोता में धुलते हैं। उसके पश्चात भगवान की सवारी मठ बाघम्बरी गद्दी और फिर अलोपी बाग में इमली के पेड़ के नीचे पहुंचती है। वहां पर भगवान की इमली चखने की लीला होती है। वहां से वापस जीटी रोड होते हुए भगवान की सवारी श्रृंगार भवन पर पहुंचकर समाप्त हुई। इसी क्रम में बाघम्बरी क्षेत्र की रामलीला में मंचन में नारद मोह प्रसंग के अंतर्गत नारद पर तप का अहंकार एवं मोह जाग जाने के कारण भगवान विष्णु की प्रेरणा से शीलनिधि नामक राजा की सुंदर कन्या विश्वमोहिनी का स्वयंवर रखा गया। नारद स्वयंवर में भाग लेने के लिए भगवान विष्णु से उनका अर्थात हरि का मुख मांगा। हरि का अर्थ बंदर भी होता है तो श्रीविष्णु ने उन्हें बंदर का मुख दे दिया। जिसके कारण वह अपमानित हुए और सांसारिक माया से बच गए। श्री राम जन्म प्रसंग के अंतर्गत राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ के फलस्वरूप भगवान सहित लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म होता है।

सीनियर वर्गमें उर्वशी एवं जूनियर वर्गमें विराजने मारी बाजी



जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनीका समापन

डाक विभाग प्रयागराज परिक्षेत्र के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'प्रयागफिलेक्स-२०२६' का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुदेश शर्मा, निदेशक एन.सी.जेड.सी.सी. प्रयागराज रहे। इस मौके पर प्रश्नोत्तरी फिलेटलिक मे भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसमें सीनियर वर्ग में उर्वशी मिश्रा-प्रथम, दिव्यांशी सिंह-द्वितीय, अदिति शगुन- तृतीय, जूनियर वर्ग में विराज मिश्रा-प्रथम

प्रियाशी मिश्रा-द्वितीय, आकृति मनी- तृतीय को पुरस्कृत किया गया। साथ ही डाक टिकट संग्रहकर्ता लोगों को भी सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए आज के बच्चों के लिए डाक विभाग के महत्व के बारे मे बताया। डाक विभाग के इस कार्य की सराहना किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सीनियर पोस्ट मास्टर अशोक कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कहा कि आगे भी इस तरह की डाक टिकट प्रदर्शनी लगाने का वादा किया। धन्यवाद ज्ञापित प्रदीप पाठक, इंचार्ज फिलेटलिक ब्यूरो द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. मनीषी बंसल, राहुल गांगुली, डा. आदित्य सिंह, एम.गुलरेज, मो. शरीक, रिशादुल इस्लाम, अनिल रस्तोगी, अनिल गुप्त, अमरीश सक्सेना, राजेश वर्मा, पी आर आई, इंचार्ज फिलेटलिक ब्यूरो प्रदीप पाठक, रजनीश श्रीवास्तव, मो. मतीन, राजेंद्र सिंह, केके उपाध्याय, राजेश मिश्रा, चंदन सिंह आदि उपस्थित रहे।

सीईसी के इस्तीफेको लेकर छात्रोंने निकाला आक्रोश मार्च

दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर शनिवार को हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रयागराज के छात्रों में आक्रोस बढ़ता जा रहा है। पुलिसिया दमन, मारपीट और हिरासत के खिलाफ़ रविवार को दिशा छात्र संघटन से जुड़े लोगों द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया। यह आक्रोश मार्च अल्लापुर सब्जीमंडी से शुरू होकर बख्शी बांध तक गया। फिर प्रतिरोध सभा में तब्दील हो गया जहां पर वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा। दिशा छात्र संघटन के चंद्रप्रकाश ने कहा कि वोटिंग और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव का अधिकार सबसे बुनियादी राजनीतिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया



कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोगों के इस बुनियादी अधिकार को चुराया है। जिससे चुनाव आयोग संदेह के घेरे में है। सरकार सेना पुलिस लगाकर जनता के शांतिपूर्ण प्रदर्शन का संवैधानिक अधिकार को ही छीनने में लगी हुई है। दिल्ली की बरर्बता के अलावा ५० से अधिक मेट्रो स्टेशन बंद करना, सैकड़ों ट्रेनों का संचालन रोकने, इंटरनेट कनेक्शन काटने के बाद भी जब प्रदर्शन जारी रहा तब पुलिस ने दमन चक्र चलाया। हजारों प्रदर्शनकारियों, जनता, बीमार व्यक्तियों, पत्रकारों, जनपक्षधर वकीलों को गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शनकारियों ने इस बर्बरता के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों एवं अराजक तत्वों की पहचान कर कड़ी कानूनी कारवाई करने और एसआईआर को तत्काल रद्द करने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल उनके पद से बर्खास्त करने की मांग उठायी है।

तार टूटनेसे बिजलीकी रही दिक्कत

नगर के अलग अलग हिस्सों में तार टूटने और केबिल के जलने से बिजली की दिक्कत बनी रही है। नगर में एक तरफ पर्व को लेकर चलने वाले मरम्मत कार्य से लोग परेशान रहे हैं। वहीं बिजली के फाल्ट के चलते बिजली पानी की समस्या बनती रही है। नखास कोहना के करीब एक होटल के करीब दोपहर को बिजली के खम्बे में आग लगने से घंटों बिजली आपूर्ति में बाधा रही है। कल्याणी देवी विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाके में कई जगह से तार टूटकर गिर गया। हालांकि गनीमत रही हैं, कोई दुर्घटना नहीं होने पायीं। सदियापुर में भी दोपहर को फाल्ट के चलते बिजली की दिक्कत बनी रही है।